<u>राज्य सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 953

25 जुलाई, 2018 को उत्तर के लिए

इस्पात को कच्चे माल के रूप में इस्तेमाल करने वाले संयंत्र

953. श्री महेश पोद्दार:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश में, विशेषतः झारखंड में ऐसे कई संयंत्र (डाउनस्ट्रीम इंडस्ट्रीज) कार्यरत हैं जो इस्पात का कच्चे माल के रूप में इस्तेमाल करते हैं और स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर रोजगार उपलब्ध कराते हैं;

(ख) क्या यह सच है कि उपरोक्त डाउनस्ट्रीम इंडस्ट्रीज को इस्पात संयंत्रों से आवश्यकतानुसार, ससमय, सस्ते दर पर एवं प्राथमिकता के आधार पर इस्पात उपलब्ध कराना रोजगार वृद्धि एवं अर्थव्यवस्था की मजबूती की दृष्टि से कारगर हो सकता है; और

(ग) यदि हाँ, तो क्या सरकार इस्पात आधारित डाउनस्ट्रीम इंडस्ट्रीज को समय पर आवश्यकतानुसार, सस्ते दर पर एवं प्राथमिकता के आधार पर इस्पात उपलब्ध कराने के लिए कदम उठाएगी; यदि हाँ, तो कब तक और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

<u>उत्तर</u>

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री विष्णु देव साय)**

(क): जी हाँ।

(ख): जी हाँ।

(ग): ये सभी उद्योग वाणिज्यिक उद्यम हैं।

******